उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
रुचि की अभिव्यक्ति
शोध आधारित वृत्तचित्र फिल्मों के लिए

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक निकाय है, जिसका कार्य क्षेत्र सदस्य राज्यों – राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चण्डीगढ़ की लोक और जनजातीय कलाओं विशेष रूप से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है।

यह केंन्द्र प्रामाणिक रिकॉर्ड के साथ शोध आधारित वृत्तचित्र बनाने में काम करने का अनुभव रखने वाले सुस्थापित वृत्तचित्र निर्माताओं/निर्देशकों/निर्माताओं से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदक के पास निम्न जरूर होना चाहिए–

1. **अनुभवः** उसे पिछले पांच वर्षों के दौरान वृत्तचित्र निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय होना चाहिए। पुरस्कार विजेता वृत्तचित्र निर्माता को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. **अवधारणाः** विषय एनजेडसीसी के सदस्य राज्यों की कला और संस्कृति होना चाहिए। प्रदर्शनकारी लोक कला के संरक्षण पर आधारित परियोजना को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को 4K शूट, शोध आधारित पटकथा, अंग्रेजी में उपशीर्षक तथा हिंदी वॉयस ओवर के साथ 10 मिनट और 25 मिनट की अवधि की डॉक्यूमेंट्री बनानी होगी। आवेदन के साथ विस्तृत अवधारणा नोट संलग्न किया जाना चाहिए।
3. **लागत/वित्तः** उम्मीदवार को परियोजना की एकमुश्त लागत बतानी होगी। यह किफायती होने के साथ–साथ लागत प्रभावी भी होनी चाहिए। अधिक समझे जाने पर समिति नेगोटिएसन कर सकती है। उपयुक्तता/पैनलीकरण या लागत के संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा। परियोजना को पूरा करने, प्रस्तुत करने और अनुमोदन के बाद एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

योग्य उम्मीदवार को सूचीबद्ध (empanelled) किया जाएगा और फण्ड की उपलब्धता और आवश्यकता के आधार पर कार्य आवंटित किया जाएगा। केवल पैनल में शामिल होने से कोई भी व्यक्ति परियोजना/कार्य आवंटित करने का हकदार नहीं हो जाएगा। उन्हें अपने अनुभव और उपयुक्तता का आकलन करवाने के लिए समिति के समक्ष कम से कम 2 डाक्युमेंट्री फिल्में दिखाने के लिए कहा जाएगा। उन्हें यह घोषणा करते हुए एक हलफनामा पेश करना होगा कि फिल्में उनके या उनकी कंपनी द्वारा निर्देशित या निर्मित हैं। यदि आवेदक एक कंपनी है तरे स्वामित्व के दस्तावेज़ संलग्न किए जाने चाहिए।

आवेदन निदेशक, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला को संबोधित कर विरसा विहार केन्द्र, (नजदीक भाषा भवन), शेरांवाला गेट, पटियाला (पंजाब) – 147001 पर कार्यालय समय में 14 सितंबर, 2023 तक नवीनतम बायोडाटा, फोटोग्राफ, कार्य योजना, कार्यप्रणाली और किये गये कार्य आदि के साथ पहुंच जाना चाहिए। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों/प्रस्तावों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **ऑनलाइन जमा किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।** अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बरः 0175–2211429, 2202918 पर संपर्क कर सकते हैं।

नोटः संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा तो, वेबसाइट https://www.culturenorthindia.com पर ही उपलब्ध कराया जाएगा

हस्त/–
निदेशक